# Daily Current Affairs

Date : 30 August, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | रावतभाटा परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP) |
| 2. | कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक – 2025 |
| 3. | हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. खाटूश्यामजी मास्टर प्लान 2041<br>2. भीलवाड़ा पुलिस की उपलब्धि<br>3. केनेथ फेलिक्स दा नोब्रेगा<br>4. 'राज प्लास्ट 2025' मेगा एग्जीबिशन |
| 5. | विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन |
| 6. | अभ्यास समन्वय शक्ति 2025 |
| 7. | "व्हाई द कॉन्स्टिट्यूशन मैटर्स" पुस्तक |
| 8. | ई-साक्षी वेब पोर्टल (eSAKSHI Portal) |
| 9. | नेपाल को WHO द्वारा रूबेला मुक्त घोषित किया गया |
| 10. | फोर्टिफाइड चावल |
| 11. | प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) |
| 12. | 2025 में शीर्ष 10 सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक अर्थव्यवस्थाएँ |
| 13. | उर्जित पटेल : IMF का कार्यकारी निदेशक |
| 14. | राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक, 2024 |
| 15. | डूरंड कप 2025 |
| 16. | मीराबाई चानू– राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 |
| 17. | एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप |
| **18.** | ज्यूरिख डायमंड लीग, 2025 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## रावतभाटा परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के सुपरविज़न में रावतभाटा परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP) पर एक व्यापक रेडियोलॉजिकल इमरजेंसी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह मॉक ड्रिल राजस्थान और मध्य प्रदेश के पाँच जिलों के 22 गाँवों में एक साथ आयोजित की गई, जिसमें 49 हजार लोगों को रेडियोलॉजिकल इमरजेंसी परिस्थितियों में बचाने का अभ्यास किया गया।

❑ **रावतभाटा परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP)**

- चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में स्थित राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP) राज्य का एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र है, जिसमें 7 प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (PHWR) इकाइयाँ संचालित है जिनकी कुल स्थापित क्षमता 1780 MW है।
- शुरुआत: दिसम्बर, 1973 (सहयोग - कनाडा)
- संचालन : न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL)

| इकाई | उत्पादन |
|---|---|
| प्रथम इकाई | 100 MW (वर्तमान में बंद) |
| द्वितीय इकाई | 200 MW |
| तृतीय इकाई | 220 MW |
| चतुर्थ इकाई | 220 MW |
| पंचम इकाई | 220 MW |
| छठी इकाई | 220 MW |
| सातवीं इकाई | 700 MW |
| आठवीं इकाई | निर्माणाधीन |
| कुल उत्पादन | 1780 मेगावाट (MW) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **PHWR : प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (PHWR) एक प्रकार का परमाणु ऊर्जा रिएक्टर होता है, जो भारी जल (ड्यूटेरियम ऑक्साइड/D2O) को शीतलक और न्यूट्रॉन मॉडरेटर के रूप में उपयोग करता है और प्राकृतिक यूरेनियम का उपयोग ईंधन के रूप में करता है।**
- **भारत में परमाणु ऊर्जा के उत्पादन, रख-रखाव और निगरानी हेतु नोडल एजेंसी : न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL)**

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA):**

- **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत स्थापित NDMA आपदा प्रबंधन के लिए देश का सर्वोच्च निकाय है।**
- **पदेन अध्यक्ष : भारत के प्रधानमंत्री।**
- **उद्देश्य : NDMA आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय नीतियों, योजनाओं और दिशानिर्देशों को निर्धारित करने, इन नीतियों के कार्यान्वयन का समन्वय और प्रवर्तन करने और आपदाओं के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु मंत्रालयों, राज्यों और अन्य एजेंसियों द्वारा विकसित योजनाओं को मंजूरी देने के लिए उत्तरदायी एजेंसी है।**
- **विजन : NDMA का विजन सभी हितधारकों को शामिल करते हुए सक्रिय, प्रौद्योगिकी-संचालित और टिकाऊ रणनीतियों के माध्यम से एक सुरक्षित और आपदा-प्रतिरोधी भारत का निर्माण करना है।**

## कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक – 2025

### चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम) में संशोधन करने के लिए कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक - 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।**

### मुख्य बिन्दु:

- **इस प्रस्तावित संशोधन से कारखाना श्रमिकों के साप्ताहिक कार्य समय 48 घंटों में उनकी दैनिक कार्य अवधि अधिकतम 9 घंटे से बढ़ा कर 10 घंटे तथा विश्राम से पूर्व कार्य की अधिकतम अवधि 5 घंटे से बढ़ा कर 6 घंटे की जाएगी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- कार्य समय एवं विश्राम अवधि सहित कारखाना श्रमिकों के कार्यस्थल पर अधिकतम समय की सीमा साढ़े दस घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे की जाएगी।
- तिमाही में ओवरटाइम की अधिकतम सीमा 144 घंटे की जाएगी। इसके लिए श्रमिक की सहमति आवश्यक होगी।
- महिला श्रमिकों को सुरक्षा शर्तों एवं लिखित सहमति से रात्रिकालीन पारी (सायं 7 बजे के बाद एवं प्रातः 6 बजे से पूर्व) कार्य की अनुमति दी जा सकेगी।

## हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने माइनिंग में डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए एपिरोक के साथ साझेदारी की।

### मुख्य बिन्दु:

- HZL और एपिरोक सहयोग के तहत् सिंदेसर खुर्द माइन (राजसमंद) में 30 लो प्रोफाइल डंप ट्रकों पर कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम लागू किया जाएगा।
- यह प्रणाली रियल-टाइम अलर्ट, प्रॉक्सिमिटी सेंसर और वेयरेबल टैग्स के द्वारा कर्मियों और मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) वेदांता समूह की एक कंपनी है, जो दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक है और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 5 चाँदी उत्पादकों में से एक है।
- स्थापना : वर्ष 1966 में।
- मुख्यालय : उदयपुर (राजस्थान)
- इस कंपनी ने वर्ष 2024 में इकोजेन (EcoZen) लॉन्च किया, जो एशिया का पहला 'लो कार्बन ग्रीन जिंक' ब्रांड है।
- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड 'इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स (ICMM)' में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **खाटूश्यामजी मास्टर प्लान 2041**<br>▪ केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी मिशन की तर्ज पर खाटूश्यामजी शहरी क्षेत्र को क्लीन, ग्रीन एंड इको सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।<br>▪ इस संबंध में सरकार ने खाटू श्यामजी के मास्टर प्लान 2041 को हाल ही में स्वीकृति प्रदान की।<br>▪ बजट-2024-25 में राजस्थान सरकार द्वारा खाटूश्यामजी के विकास के लिए ₹100 करोड़ की घोषणा की गई थी। |
| 2. | **भीलवाड़ा पुलिस की उपलब्धि**<br>▪ भीलवाड़ा पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर पर सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर दर्ज 1432 शिकायतों में से 1014 मोबाइल फोन बरामद कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया।<br>▪ भीलवाड़ा पुलिस की उपलब्धि राजस्थान समेत देश के सभी पश्चिमी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा है। |
| 3. | **केनेथ फेलिक्स दा नोब्रेगा**<br>▪ हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स दा नोब्रेगा से भेंट की। |
| 4. | **'राज प्लास्ट 2025' मेगा एग्जीबिशन**<br>▪ हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 19 से 21 सितंबर, 2025 तक जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित होने वाले 'राज प्लास्ट 2025 मेगा एग्जीबिशन' के पोस्टर का विमोचन किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन

### चर्चा में क्यों?

- भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व शीर्ष अदालत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जस्ती चेलमेश्वर की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इस चार सदस्यीय एसआईटी का उद्देश्य गुजरात के जामनगर में वंतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र के खिलाफ आरोपों की तथ्य-खोजी जांच करना है।

### नियुक्ति:

- अध्यक्ष: सेवानिवृत्त न्यायाधीश, जस्टिस जस्ती चेलमेश्वर।
- सदस्य:
  - न्यायमूर्ति राघवेंद्र चौहान (पूर्व उत्तराखंड और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश)
  - हेमंत नागराले (पूर्व मुंबई पुलिस आयुक्त)
  - अनीश गुप्ता (वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी)
- अदालत ने एसआईटी को 12 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

## अभ्यास समन्वय शक्ति 2025

### मुख्य बिन्दु:

- भारतीय सेना ने असम के तिनसुकिया जिले में अभ्यास समन्वय शक्ति 2025 की शुरुआत की है।
- इसका उद्देश्य सेना की सामरिक तैयारियों, सहयोग और आपसी समन्वय क्षमता को मजबूत करना है।
- सैन्य-नागरिक समन्वय: यह अभ्यास असम और मणिपुर के राज्य अधिकारियों के साथ सैन्य-नागरिक समन्वय को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **दृष्टिकोण: क्षेत्र की जटिल चुनौतियों का समाधान एकीकृत और समन्वित दृष्टिकोण से करना, सुरक्षा, प्रशासन और नागरिक निकायों के बीच सहयोग और समझ को मजबूत करना।**
- **यह एक 10 दिन की Military-Civil Integration Exercise है।**
- **भागीदारी: सैन्य और सुरक्षा बल, सरकारी विभाग, सिविल और अवसंरचना, सुरक्षा अधिकारी और उद्योग, संचार माध्यम ने प्रमुख रूप से भाग लिया।**

## "व्हाई द कॉन्स्टिट्यूशन मैटर्स" पुस्तक

### चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की पुस्तक "व्हाई द कॉन्स्टिट्यूशन मैटर्स" का प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा किया गया।**

### मुख्य बिन्दु:

- **पुस्तक के विषय : पुस्तक में लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, बहुलवाद, लैंगिक भेदभाव, पर्यावरणीय शासन, असहमति और आधुनिक भारत को आकार देने वाले ऐतिहासिक निर्णयों जैसे विषयों को शामिल किया गया है।**
- **न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने 49वें मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित के बाद भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। उनका कार्यकाल अपेक्षाकृत दो वर्ष का था।**

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **भारत के प्रमुख मुख्य न्यायाधीश**

| प्रथम मुख्य न्यायाधीश | न्यायमूर्ति हरिलाल जेकिसुनदास कनिया |
|---|---|
| 16वें मुख्य न्यायाधीश | न्यायमूर्ति यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ (सबसे लंबा कार्यकल) |
| 22वें मुख्य न्यायाधीश | न्यायमूर्ति कमल नारायण सिंह (सबसे छोटा कार्यकाल) |
| 49वें मुख्य न्यायाधीश | न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित |
| 50वें मुख्य न्यायाधीश | न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ |
| 51वें मुख्य न्यायाधीश | न्यायमूर्ति संजय खन्ना |
| 52वें मुख्य न्यायाधीश | न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पोर्टल

## ई-साक्षी वेब पोर्टल (eSAKSHI Portal)

### चर्चा में क्यों?

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री ने लोकसभा सत्र के दौरान एक प्रश्न के लिखित उत्तर में ई-साक्षी वेब पोर्टल के संदर्भ में जानकारी साझा की।




### मुख्य बिन्दु:

- ई-साक्षी वेब पोर्टल:

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

| शुभारंभ | सहयोग | मंत्रालय |
|---|---|---|
| • 1 अप्रैल, 2023 | • भारतीय स्टेट बैंक | • सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय |

| Launch | Cooperation | Ministry |
|---|---|---|
| •April 1, 2023 | •State Bank of India | •Ministry of Statistics and Program Implementation |

- उद्देश्य : एमपीलैड योजना के अंतर्गत संशोधित निधि प्रवाह प्रक्रियाओं के कुशल और पारदर्शी कार्यान्वयन के लिए एक संपूर्ण समाधान है।



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **MPLADS योजना:**
- **प्रकार : केंद्रीय क्षेत्रक योजना।**
- **मंत्रालय : सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।**
- **राशि आवंटन : स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण तथा विकास कार्यों हेतु प्रत्येक सांसद को 5 करोड़ रुपये।**
- **राशि आवंटन लक्ष्य: अनुसूचित जाति क्षेत्रों के लिए कम से कम 15% और अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों के लिए 7.5%।**
- **निधियाँ : अव्ययगत होती हैं।**
- **कार्यप्रणाली :**

संसद सदस्य- चयनित निर्वाचन क्षेत्र की स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर कार्यों की अनुशंसा करते हैं।

जिला अधिकारी (जिला कलेक्टर) - पात्र कार्यों को मंजूरी, कार्यान्वयन एजेंसी का चयन आदि।

केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय : MPLAD नीति तैयार करना (जिला प्राधिकरण को सीधे 2.5 करोड़ की किश्तों में, प्रतिवर्ष 5 करोड़ जारी)।

Member of Parliament- recommends works based on local needs of the selected constituency.

District Officer (District Collector)- approves eligible works, selects implementation agency etc.

Ministry of Statistics and Programme Implementation: Formulates MPLAD policy (releases Rs. 5 crore per year, in installments of Rs. 2.5 crore directly to District Authority).

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## नेपाल को WHO द्वारा रूबेला मुक्त घोषित किया गया

**चर्चा में क्यों?**

- Cairn

**मुख्य बिन्दु:**

- **नेपाल की उपलब्धि:**
  - o नेपाल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने आधिकारिक रूप से रूबेला मुक्त घोषित किया है।
  - o नेपाल अब WHO के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में रूबेला उन्मूलन करने वाला छठा देश बन गया है।
  - o यह उपलब्धि 2026 तक क्षेत्रीय स्तर पर रोग नियंत्रण के लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।
- **रूबेला के बारे में:**
  - o रूबेला, जिसे जर्मन खसरा भी कहा जाता है, एक संक्रामक वायरल संक्रमण है।
  - o यह गर्भवती महिलाओं के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है, जैसे गर्भपात, मृत शिशु का जन्म, या जन्म दोष।
  - o टीकाकरण के माध्यम से यह रोग पूरी तरह से रोका जा सकता है।
  - o रूबेला उन्मूलन से भावी पीढ़ियों को आजीवन विकलांगता से बचाया जा सकता है।

❑ **भारत की रूबेला स्थिति**

- **राष्ट्रीय अभियान :** हालांकि भारत में अभी भी छिटपुट मामले सामने आते हैं, लेकिन इसका लक्ष्य 2026 तक खसरा और रूबेला दोनों को खत्म करना है। सरकार ने 100% टीकाकरण कवरेज हासिल करने के लिए 2025-2026 के लिए राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान शुरू किया है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO):**
  - o स्थापना: 7 अप्रैल 1948
  - o मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- उद्देश्य:
  - वैश्विक स्वास्थ्य मानकों का निर्धारण
  - रोगों की रोकथाम और नियंत्रण
  - स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सहायता
  - स्वास्थ्य आपात स्थिति (pandemic, epidemic) में मार्गदर्शन देना
- सदस्य देश: 194 देश
- WHO हर साल 7 अप्रैल को World Health Day मनाता है।

## फोर्टिफाइड चावल

**मुख्य बिन्दु:**

- **समझौते का उद्देश्य:**
- **समझौते का उद्देश्य:**
  - भारत और WFP के बीच साझेदारी: भारत और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने वैश्विक भूखमरी को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति हेतु एक आशय पत्र (LOI) पर हस्ताक्षर किए।
  - साझेदारी का लक्ष्य: इस साझेदारी के तहत भारत, WFP को फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति करेगा, जिसे WFP के मानवीय सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से वितरण किया जाएगा।
- **फोर्टिफाइड चावल:**
  - कुपोषण से लड़ने के लिए आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से समृद्ध एक प्रकार का चावल, जिसमें आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 शामिल हैं। चावल फोर्टिफिकेशन के नाम से जानी जाने वाली इस प्रक्रिया को सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए लागत प्रभावी रणनीति के रूप में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# योजनाएँ

## प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY)

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) ने 28 अगस्त, 2025 को अपने 11 वर्ष पूर्ण किए है।

### मुख्य बिन्दु:

- **प्रारंभ और उद्देश्य:**
  - शुरुआत: प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) 28 अगस्त 2014 को शुरू की गई।
  - लक्ष्य: वित्तीय समावेशन, खासकर बैंकों से वंचित वर्गों को औपचारिक बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना।
- **उपलब्धियां:**




  - 56.16 करोड़ बैंक खाते खोले गए।
  - 56% खाते महिलाओं के हैं, जो वित्तीय पहुंच में लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है।
  - खातों में ₹2.67 लाख करोड़ की जमा राशि, जो वित्तीय गतिविधियों में सक्रियता को दर्शाती है।


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




- 38.68 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए।
- 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा और ₹10,000 का ओवरड्राफ्ट सुविधाएं दी गई।

**सामाजिक और आर्थिक प्रभाव:**

- सरकारी योजनाओं का सफल एकीकरण: 327 सरकारी योजनाओं में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) संभव हुआ।
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खाता स्वामित्व: 67% खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, 33% शहरी क्षेत्रों में खोले गए।
- महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण: महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी योजनाओं का लाभ।

**प्रवृत्तियां और योजनाएं:**

- फाइनेंशियल लिटरेसी और फाइनेंशियल समावेशन बढ़ाने के लिए कई शिविर आयोजित किए गए।
- 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक वित्तीय समावेशन के लिए व्यापक संतृप्ति अभियान शुरू किया गया।
- 6.6 लाख नए खातों का उद्घाटन और 22.65 लाख नए नामांकन किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **भविष्य और प्रासंगिकता:**
  - **प्रधानमंत्री जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है और इससे भारत की आर्थिक प्रगति में नागरिकों की भागीदारी बढ़ी है।**
  - **यह योजना देश में सार्वभौमिक वित्तीय पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत आधार है।**
- **निष्कर्ष:**
- **प्रधानमंत्री जन धन योजना ने न केवल बैंकों से वंचित समुदायों को बैंकिंग से जोड़ा, बल्कि समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ाया है। योजना की सफलता व्यापक आर्थिक समावेशन को सुनिश्चित करती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## 2025 में शीर्ष 10 सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक अर्थव्यवस्थाएँ

**मुख्य बिन्दु:**

- **वैश्विक अर्थव्यवस्था में परिवर्तन:**
  - भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय अस्थिरता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में बदलाव हो रहा है।
  - राष्ट्र विकास, स्थिरता और अनुकूलनशीलता में प्रतिस्पर्धा की पुनर्परिभाषा हो रही है।
- **2025 की शीर्ष 10 सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाएं:**
  - स्विट्ज़रलैंड: 100 अंक के साथ, स्विट्ज़रलैंड वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था है।
  - सिंगापुर: 99.44 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।
  - हांगकांग एसएआर: 99.22 अंक के साथ तीसरे स्थान पर, जो दो स्थान ऊपर चढ़ा है।
- **नए प्रवेशकर्ता:**
  - नामीबिया, केन्या और ओमान ने 37 वर्षों में पहली बार प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में स्थान प्राप्त किया।
- **भारत का स्थान:**
  - भारत 2025 में 41वें स्थान पर खिसक जाएगा, जबकि 2024 में यह 39वें स्थान पर था।
  - 2022 में भारत ने अपने हाल के शिखर 37वें स्थान पर स्थान प्राप्त किया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## उर्जित पटेल : IMF का कार्यकारी निदेशक

### चर्चा में क्यों?



- 28 अगस्त, 2025 को जारी सरकारी आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को तीन वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है।

### मुख्य बिन्दु:

- 30 अप्रैल, 2025 से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी निदेशक के.वी. सुब्रमण्यम की सेवा समाप्ति के बाद उर्जित पटेल को नियुक्त किया गया।

- उर्जित पटेल का योगदान

| 1990 से 1995 | IMF में शामिल होने के बाद अमेरिका, भारत, बहामास और म्यांमार में कार्यरत रहे। |
|---|---|
| 1998 से 2001 | वित्त मंत्रालय के सलाहकार। |
| 1996 से 1997 | IMF से RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए, उन्होंने मौद्रिक नीति, आर्थिक नीति अनुसंधान, सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंधन, जमा बीमा, संचार और सूचना के अधिकार जैसे विषयों पर कार्य किया। |
| 2016 से दिसंबर, 2018 | RBI के 24वें गवर्नर।<br>दिसंबर, 2018 में इस्तीफा : स्वतंत्र भारत में इस्तीफा देने वाले पांचवें RBI गवर्नर। |
| जनवरी, 2022 से जनवरी, 2024 | बीजिंग स्थित एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) में निवेश संचालन (क्षेत्र 1) के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत।<br>इस्तीफा : जनवरी, 2024 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

❑ **अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **IMF का कार्यकारी बोर्ड सदस्य देशों या देशों के समूहों द्वारा चुने गए 25 निदेशकों (कार्यकारी निदेशकों या ईडी) से बना होता है। यह भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान के साथ, चार देशों के निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है।**


❑ **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund: IMF) :**

- **उत्पत्ति : वर्ष 1944 में हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मौद्रिक और वित्तीय सम्मेलन (ब्रेटन वुड्स सम्मेलन) के तहत् विश्व बैंक के साथ में हुई।**
- **औपचारिक रूप से अस्तित्व : दिसंबर, 1945 में।**
- **मुख्यालय : वाशिंगटन डी.सी. (USA)।**
- **मुख्य उद्देश्य : वैश्विक मौद्रिक सहयोग का समर्थन करना, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाना, उच्च रोजगार और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देना तथा गरीबी को कम करना।**
- **सदस्य देश : 180 से अधिक देश (भारत भी शामिल)।**

❑ **कार्य :**

- **वैश्विक स्तर पर मैक्रो-इकोनॉमिक को सशक्त करना।**
- **ऋण प्रदान करना : भुगतान असंतुलित देशों की सहायता हेतु अल्पकालिक और मध्यमकालिक ऋण प्रदान करना।**
- **क्षमता विकास : सरकारों को प्रभावी आर्थिक नीतियों हेतु तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना।**

❑ **संगठनात्मक संरचना :**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कोटा प्रणाली :**
- **विशेष आहरण अधिकार (SDRS) : एक अंतरराष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है, जिसे वर्ष 1969 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा सदस्य देशों के आधिकारिक विदेशी भंडार को बढ़ाने के लिए बनाया गया था।**
- **SDRS बास्केट में शामिल मुद्राएँ: अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग, जापानी येन और चीनी रेनमिनबी (नवीनतम)**
- **प्रत्येक सदस्य का वोट उसके मूल वोट (सभी सदस्यों के बीच समान रूप से वितरित) और कोटा-आधारित वोट के योग के बराबर होता है। ऐसे में किसी सदस्य का कोटा उसकी मतदान शक्ति को निर्धारित करता है।**
- **भारत का कोटा : 2.75% (8वां सबसे बड़ा) है, जबकि अमेरिका का कोटा लगभग 17% है।**
- **IMF द्वारा प्रकाशित प्रमुख रिपोर्ट:**
- **वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (World Economic Outlook)।**
- **वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Global Financial Stability Report)।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक, 2024



### चर्चा में क्यों?

- 29 अगस्त, 2025 को विद्युत मंत्रालय और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (SEEI), 2024 जारी किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- SEEI, 2024 वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 36 भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन का आकलन करता है।
- यह सूचकांक राज्य-स्तरीय डेटा निगरानी को संस्थागत बनाने, ऊर्जा प्रबंधन पर नजर रखने, सर्वोत्तम विधियों को बढ़ावा देने और राज्यों में ऊर्जा दक्षता में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- इस सूचकांक के छठे संस्करण में सात प्रमुख मांग क्षेत्रों में 66 संकेतकों के साथ एक उन्नत कार्यान्वयन-केंद्रित रूपरेखा में भवन, उद्योग, नगरपालिका सेवाएं, परिवहन, कृषि, विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) और क्रॉस-सेक्टर पहल शामिल है।
- राज्यों को अग्रणी (कुल मूल्यांकन स्कोर का 60 प्रतिशत से अधिक), सफल (50-60 प्रतिशत), दावेदार (30-50 प्रतिशत) और आकांक्षी (<30 प्रतिशत) के रूप में वर्गीकृत किया गया है और आगे उनके कुल अंतिम ऊर्जा उपभोग (TFEC) के आधार पर समूहों में विभाजित किया गया।

| अग्रणी श्रेणी | आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु |
|---|---|
| सफल श्रेणी | असम और केरल |
| दावेदारों की श्रेणी | हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, ओडिशा और उत्तरप्रदेश |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

■ **कुल अंतिम ऊर्जा उपभोग (TFEC) के आधार; सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले राज्य :**

| समूह | ऊर्जा खपत (MTOE) | राज्य |
|---|---|---|
| समूह 1 | > 15 एमटीओई | महाराष्ट्र |
| समूह 2 | 5 – 15 एमटीओई | आंध्र प्रदेश |
| समूह 3 | 1 – 5 एमटीओई | असम |
| समूह 4 | < 1 एमटीओई | त्रिपुरा |

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## डूरंड कप 2025

- **डूरंड कप का 134वां संस्करण:**
  - विजेता: नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी
  - फाइनल: 23 अगस्त 2025, कोलकाता
  - विजयी टीम का स्कोर: नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने डायमंड हार्बर को 6-1 से हराया।
- **टूर्नामेंट का महत्व:**
  - डूरंड कप एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है।
  - यह दुनिया की तीसरी सबसे पुरानी फुटबॉल कप प्रतियोगिता है।
  - स्थापना: वर्ष 1888, भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आयोजित।
- **इतिहास:**
  - मोहन बागान एसजी: डूरंड कप के इतिहास में सबसे सफल टीम (17 खिताब)।
  - ईस्ट बंगाल: 16 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर।
- **मैचों की संख्या:**
  - कुल मैच: 43
  - फाइनल: 23 अगस्त 2025 को हुआ।
- **मेजबान राज्य :** टूर्नामेंट के 134वें संस्करण का आयोजन पांच राज्यों में किया गया: पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, मेघालय और मणिपुर।
- **अलाएद्दीन अजराई (नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी) :** मोरक्को के इस फॉरवर्ड को टूर्नामेंट का शीर्ष स्कोरर चुना गया और उन्हें गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया, जिसमें आठ गोल शामिल थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मीराबाई चानू– राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025

- ❑ **मीराबाई चानू– राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025**
- ■ **उपलब्धि:**
  - o मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
  - o कुल 193 किग्रा वजन उठाकर (84 किग्रा स्नैच + 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क), चानू ने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि स्नैच, क्लीन एंड जर्क, और कुल वजन में नए कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड भी स्थापित किए।
- ■ **क्वालीफिकेशन:**
  - o इस स्वर्ण पदक के साथ, मीराबाई चानू ने 2026 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई किया।
- ■ **अन्य पदक विजेता:**
  - o रजत पदक: मलेशिया की आइरीन हेनरी (161 किग्रा)
  - o कांस्य पदक: वेल्स की निकोल रॉबर्ट्स (150 किग्रा)

# एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप

- ❑ **मुख्य बिंदु:**
- ■ **पदक जीतने वाला पहला भारतीय:**
  - o तमिलनाडु के महाबलीपुरम में आयोजित एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में रमेश बुधियाल ने ओपन पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।
  - o पहली बार था जब भारत ने इस चैंपियनशिप की मेजबानी की।
  - o वह पदक दौर में पहुँचने वाले पहले भारतीय सर्फर बने हैं।
  - o रमेश बुधियाल ने 12.60 अंक हासिल किए और तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- ■ **स्वर्ण और रजत पदक विजेता:**
  - o कोरिया के कनोआ हीजाए ने 15.17 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।
  - o इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंकों के साथ रजत पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ज्यूरिख डायमंड लीग, 2025

## चर्चा में क्यों




- **29 अगस्त, 2025 को स्विट्ज़रलैंड के ज्यूरिख में हुए डायमंड लीग के फाइनल में भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने दूसरा स्थान हासिल किया।**

## मुख्य बिन्दु:

| पदक | विजेता | भाला फेंका |
|---|---|---|
| स्वर्ण पदक | **जूलियन वेबर (जर्मनी)** | **91.51 मीटर थ्रो** |
| रजत पदक | **नीरज चोपड़ा (भारत)** | **85.01 मीटर थ्रो** |
| कांस्य पदक | **केशोर्न वाल्कॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो)** | **84.95 मीटर थ्रो** |

- **अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**
- **नीरज चोपड़ा की उपलब्धियाँ:**

| संस्करण का नाम | वर्ष | पदक |
|---|---|---|
| ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक | **2025** | **स्वर्ण** |
| N. C. क्लासिक | **2025** | **स्वर्ण** |
| विश्व चैंपियनशिप | **2023** | **स्वर्ण** |
| डायमंड लीग | **2022** | **स्वर्ण** |
| वर्ल्ड चैंपियनशिप | **2022** | **रजत** |
| टोक्यो ओलिंपिक | **2020** | **स्वर्ण** |
| एशियन गेम्स | **2018** | **स्वर्ण** |
| कॉमनवेल्थ गेम्स | **2018** | **स्वर्ण** |
| साउथ एशियन गेम्स | **2016** | **स्वर्ण** |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सम्मान:**
  - **वर्ष 2018 - अर्जुन पुरस्कार।**
  - **वर्ष 2020 - विशिष्ट सेवा मेडल (VSM) (सैन्य)**
  - **वर्ष 2021 - भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार' से सम्मानित।**
  - **वर्ष 2022 - परम विशिष्ट सेवा मेडल (PVSM) (सैन्य)**
  - **वर्ष 2022 - देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म श्री' से सम्मानित।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR